कीमतों पर अंकुश के लिए राज्यों को चावल नहीं दे रहा केंद्र : गोयल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 जून।

केंद्र सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपने भंडार से कई राज्यों को चावल उपलब्ध कराने या बेचने से इनकार कर दिया है कि अनाज की कीमत खुले बाजार में न बढ़े और लोगों को यह सस्ते में मिलता रहे।

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कर्नाटक को चावल की आपूर्ति से मना किए जाने के बाद उत्पन्न राजनीतिक विवाद के बीच यह बात कही है। मंत्री से जब चावल की आपूर्ति के मसले पर कर्नाटक में विरोध प्रदर्शनों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को बताया कि सचिवों की एक समिति ने फैसला किया हे कि केंद्रीय भंडार में चावल का भंडार देश के 140 करोड़ लोगों की सेवा के लिए रखा जाना चाहिए और राज्य जरूरत पड़ने पर बाजार से चावल खरीद सकते हैं। कर्नाटक में चावल की आपूर्ति को लेकर राजनीति

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश से चावल की मांग मिली है।

मंगलवार को उस समय गरमा गई जब सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किए।

कांग्रेस ने कर्नाटक सरकार की अन्न भाग्य योजना के लिए कथित रूप से चावल देने से इनकार करने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में विरोध-प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, बीपीएल परिवार के प्रत्येक सदस्य को 10 किलो चावल प्रदान करने में कांग्रेस सरकार की कथित विफलता के खिलाफ राज्य के कुछ हिस्सों में विरोध प्रदर्शन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई सहित कई भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया गया था। केंद्र ने कहा कि वह अतिरिक्त पांच किलो अनाज प्रदान नहीं कर सकता है। हालांकि, कर्नाटक ने कहा कि वह भारतीय खाद्य निगम, केंद्रीय भंडारण निगम और नेफेड जैसे केंद्रीय संस्थानों से अनाज खरीदने के लिए तैयार है। हाल ही में, केंद्र सरकार ने खुला बाजार बिक्री योजना के तहत केंद्रीय पूल से राज्य सरकारों को चावल और गेहूं की बिक्री बंद कर दी। गोयल ने कहा कि मुझे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश से चावल की मांग मिली है। विभिन्न राज्य भारी मात्रा में चावल की मांग करते रहते हैं। लेकिन हमने उन सभी को (चावल देने से) इनकार कर दिया है।

मंत्री ने कहा कि हम चाहते हैं कि चावल का भंडार जो भारत (सरकार) के पास है ताकि देश में (चावल की) कीमत में कोई वृद्धि न हो और चावल सस्ते में खुले बाजार में देश के हर कोने में बेचा जाए।

विंटेज गाड़ी है तो बीमा पर मिल सकेगी पचास फीसद तक छूट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 जून।

अगर आप विंटेज गाड़ी रखते हैं, तो आपको गाड़ी के बीमे के लिए केवल पचास फीसद का ही भुगतान करना होगा। केंद्र सरकार के सड़क और परिवहन मंत्रालय ने देश में वाहनों के लिए नए बीमा नियम का प्रारूप तैयार किया है। यह प्रारूप जल्द ही देश भर में लागू होगा। इसके लिए आम जनता से सुझाव मांगे गए हैं और आम नागरिक तीस दिन के अंदर नए नियमों पर अपने सुझाव दे सकता है। इन प्रावधानों में अन्य गाड़ियों के लिए भी नियम निर्धारित किए गए हैं।

मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए प्रारूप में उपरोक्त नियमों में प्रीमियम में छूट की अनुमति देने का भी प्रस्ताव है। इसमें शैक्षणिक संस्थानों की बसों के लिए 15 फीसद और विंटेज कार के रूप में पंजीकृत निजी कार के लिए 50 फीसद की छूट का प्रस्ताव किया गया है। इसी प्रकार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 15 फीसद और हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 7.5 फीसद की छूट का प्रस्ताव किया गया है। इसके अतिरिक्त, तिपहिया यात्री वाहनों के लिए आधार प्रीमियम दर में लगभग 6.5 फीसद की कमी का प्रस्ताव किया गया है। इन प्रावधान पर यदि किसी भी नागरिक को कोई आपत्ति है तो वह तीस दिनों की अवधि टिप्पणियां और सुझाव मंत्रालय को भेज सकता है।

जानकारी के मुताबिक सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मोटर वाहन (एमवी) अधिनियम, 1988 की धारा 147 के अनुरूप, समय-समय पर मोटर थर्ड पार्टी बीमा के लिए आधार प्रीमियम दरों को निर्धारित करता है। उपरोक्त नियमों में वाहनों के विभिन्न वर्गों के लिए असीमित देयता के लिए थर्ड पार्टी बीमा के लिए आधार प्रीमियम प्रस्तावित किया गया है।सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण के परामर्श से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए मोटर थर्ड पार्टी प्रीमियम और देयता नियमों का प्रस्ताव करते हुए 14.06.2023 को एक अधिसूचना का मसौदा जीएसआर 441 (ई) जारी किया है।

शीर्ष 500 कंपनियों का मूल्यांकन छह फीसद गिरा

मुंबई, 20 जून (भाषा)।

अप्रैल, 2023 तक छह महीनों में शीर्ष 500 गैर-सरकारी कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में छह फीसद की गिरावट आई है। वहीं इस दौरान अडाणी समूह की कंपनियों का बाजार मूल्यांकन आधे से भी कम रह गया है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है।

एक्सिस बैंक के बरगंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि नवंबर, 2022-अप्रैल, 2023 के दौरान अडाणी टोटल गैस ने अपने मूल्य का 73.8 फीसद गंवा दिया, जबकि अडाणी ट्रांसमिशन के बाजार पूंजीकरण में 69.2 फीसद और अडाणी ग्रीन एनर्जी में 54.7 फीसद की भारी गिरावट दर्ज की गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, अडाणी समूह की आठ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 9.5 लाख करोड़ रुपए है जो शीर्ष 500 कंपनियों के कुल मूल्यांकन का करीब 4.5 फीसद है। समीक्षाधीन अवधि में अडाणी समूह की कंपनियों के मूल्यांकन में 10.25 लाख रुपये यानी 52 फीसद की गिरावट आई है। इसके उलट शीर्ष 500 कंपनियों के मूल्यांकन में सिर्फ छह फीसद की गिरावट आई। रिपोर्ट कहती है कि अडाणी एंटरप्राइजेज और अडाणी टोटल गैस समीक्षाधीन अवधि में सबसे मूल्यवान 10 शीर्ष कंपनियों की सूची से भी बाहर हो गईं। दरअसल, यह रिपोर्ट जिस अवधि के लिए तैयार की गई है, उसी दौरान जनवरी में अडाणी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक प्रतिकूल रिपोर्ट प्रकाशित कर उसके खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि, समूह ने शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपों को सिरे से नकार दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, समीक्षाधीन अवधि में रिलायंस इंडस्ट्रीज 5.1फीसद की गिरावट के बावजूद 16.3 लाख करोड़ रुपए के साथ सबसे मूल्यवान भारतीय कंपनी बनी रही। इसके बाद 11.8 लाख करोड़ रुपए मूल्यांकन के साथ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज दूसरे स्थान पर रही जबकि एचडीएफसी बैंक 9.4 लाख करोड़ रुपए मूल्यांकन के साथ तीसरे स्थान पर था।

देश रक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में बन रहा है आत्मनिर्भर

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 20 जून।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज देश रक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन रहा है। टैंक, तोप, गोला, बारूद जैसे महत्त्वपूर्ण रक्षा उपकरण 25 देशों को निर्यात किये जा रहे हैं।

16 हजार करोड़ का निर्यात इस क्षेत्र में किया जा चुका है। वह दिन दूर नही जब हम रक्षा से संबंधित सामग्री भारत में ही बनाकर दुनिया को इसका निर्यात करेंगे। निजी क्षेत्र के उद्यमियों को प्रोत्साहित कर उनसे भी सामग्री क्रय की जा रही है। सर्वे आफ इंडिया प्रेक्षागृह में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे बीती देर रात इस समारोह में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तराखंड से उनका

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज टैंक, तोप, बारूद जैसे महत्त्वपूर्ण रक्षा उपकरण 25 देशों को निर्यात किए जा रहे हैं।

गहरा लगाव रहा है। उत्तराखंड को देवभूमि वीरभूमि शौर्य व सैन्य भूमि की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड छोटा राज्य होने के बावजूद यहां के समग्र विकास के प्रति केंद्र सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट है।

उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र विकास की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ के पुनर्निर्माण कार्य, ढाई हजार करोड़ रुपए की लागत से गौरीकुंड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे का कार्य, कुमायूं के पौराणिक मंदिरों को भव्य बनाने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन का कार्य, ऋषिकेश-हरिद्वार का पर्यटन और योग की राजधानी के रूप में विकास, टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन की परियोजना के साथ ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन पहाड़ में रेल के सपने की परिकल्पना को पूर्ण करने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के गतिशील नेतृत्व में विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ा हैं।

सुनील सिंघी बनाए गए राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड अध्यक्ष

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 जून।

सरकार ने सुनील जीवराजजी सिंघी को कारोबारियों के कल्याण के लिए गठित राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (एनटीडब्लूबी) का अध्यक्ष बनाया है। वर्ष 2019 में उद्योग संवर्द्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग ने बोर्ड का गठन किया था।

कारोबारियों के लिए अनुपालन बोझ कम करने और कोष की उपलब्धता बढ़ाने संबंधी सरकार को सुझाव देने के लिए बोर्ड की स्थापना की गई थी। खुदरा कारोबार से संबंधित घनश्याम दास गोयल और राजेश चंदन, लघु उद्योग भारती के गिरीश अरोड़ा, कनफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स के सुभाष गोयल और छत्तीसगढ़ उद्योग एवं व्यापार मंडल के अमर परवानी सहित बोर्ड के आठ सदस्य बनाए गए हैं। सभी सदस्यों की नियुक्ति दो साल की अवधि के लिए की गई है। आदेश के मुताबिक बोर्ड में राजस्व, वित्तीय सेवा, आवास, श्रम, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और वाणिज्य मंत्रालयों एवं विभागों के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी भी इस बोर्ड में बतौर प्रतिनिधि शामिल होंगे।

कोरोनोरोधी टीके व हृदयाघात के संबंध पर आइसीएमआर की रिपोर्ट दो सप्ताह में

नई दिल्ली, 20 जून (ब्यूरो)।

कोरोना महामारी के धीमे पड़ जाने के बाद देश में हृदयाघात के मामले बढ़े हैं। कई मामलों में तो युवाओं की अचानक मौत भी हुई। ऐसे में कहा जा रहा है कि हृदयाघात के मामलों में बढ़ोतरी का संबंध कोरोनोरोधी टीके से है।

आइसीएमआर इसकी जांच के लिए कुछ समय से अध्ययन कर रहा था जिसकी दो सप्ताह में रिपोर्ट आएगी। आइसीएमआर के महानिदेशक राजीव बहल के हवाले से यह जानकारी मिली है। अध्ययन में कुछ शुरुआती नतीजों का पता लगाया गया है। आइसीएमआर ने अपने अध्ययन में कोरोनारोधी टीके के बाद देश में युवाओं में बढ़ते हृदयाघात के मामलों की असली वजह समझने की कोशिश की है। अध्ययन की शुरुआती रिपोर्ट कुछ समय से लंबित है। रिपोर्ट जारी करने से पहले आइसीएमआर अब तक सामने आए निष्कर्षों की पूरी तरह समीक्षा कर लेना चाहती है। अध्ययन की रिपोर्ट तभी जारी कि जाएगी जब वो पूरी तरह से संतुष्ट हो जाएं। हालांकि, आइसीएमआर के सामने कुछ सवाल हैं जिनके बारे में जानने की कोशिश कर रहे हैं।

आइसीएमआर प्रमुख ने कहा कि ऐसे लोगों का दिल्ली एम्स में पोस्टमार्टम कराया गया है, जिनकी मौत दिल के दौरे से हुई है। रिपोर्ट की समीक्षा की जी रही है। जांच से पता चल सकेगा कि उसकी मौत प्राकृतिक थी या फिर अन्य कारण इसके लिए जिम्मेदार हैं। राजीव बहल बताया कि दूसरा अध्ययन अचानक आ रहे हृदयाघात और उसके कोरोनारोधी टीके, लंबे समय तक कोरोना की चपेट में रहना और मरीज की गंभीर स्थिति पर आधारित है।

कश्मीर में लगातार बारिश से फसलों को नुकसान

जनसत्ता ब्यूरो
नइ दिल्ली, 20 जून।

लगातार बारिश और मई में कम तापमान के कारण से कश्मीर में खरीफ फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों और अधिकारियों का कहना है कि विपरीत मौसम का सर्वाधिक असर धान की फसल को हुआ है।

कम तापमान होने से खाद्यान्न और सब्जियों के पौधों की बढ़ोतरी नहीं हुइ। इस वजह से मई-जून के बीच रोपाइ में भी देरी हुई है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे मौसमी हालात से धान को 15-20 जबकि सेब, नाशपाती समेत दूसरे बागवानी फसलों की उपज को 30-40 फीसद का नुकसान हो सकता है।

कश्मीर के किसान एजाज अहमद के मुताबिक कम तापमान और लगातार बारिश के कारण फसलों को काफी नुकसान हुआ। सामान्य तौर पर हर साल 15 मई तक चावल के पौधे की बुवाई का काम पूरा कर लेते थे। इस साल मौसम में बदलाव के कारण जून में भी बुवाई की जा रही है।

सरकार ने स्वामीनाथन जानकीरमन को आरबीआइ का डिप्टी गवर्नर बनाया

नई दिल्ली, 21 जून (भाषा)।

सरकार ने मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) के प्रबंध निदेशक स्वामीनाथन जानकीरमन को भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया। एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार उनकी नियुक्ति डिप्टी गवर्नर का कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन साल के लिए या अगले आदेश तक है। वह एमके जैन की जगह लेंगे, जिनका विस्तारित कार्यकाल मंगलवार को पूरा हो गया। डिप्टी गवर्नर का एक पद वाणिज्यिक बैंकर के लिए आरक्षित है।

(THIS IS ONLY AN ADVERTISEMENT FOR INFORMATION PURPOSE AND NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT, NOT FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.)

URBAN UNITED

BIZOTIC COMMERCIAL LIMITED

CIN: U74999GJ2016PLC094934

Our Company was originally incorporated as 'Bizotic Commercial Private Limited' under the provisions of Companies Act, 2013 vide Certificate of Incorporation dated December 29, 2016 bearing Corporate Identification Number U74999GJ2016PTC094934 issued by the Deputy Registrar of Companies, Central Registration Centre, Ministry of Corporate Affairs, Government of India. Subsequently, our Company was converted in to a public limited Company pursuant to a special resolution passed by our shareholders at the EGM held on December 15, 2022 and consequently the name of our Company was changed to "Bizotic Commercial Limited" and a fresh certificate of incorporation was issued by the Registrar of Companies, Ahmedabad dated December 26, 2022. The CIN of the Company is U74999GJ2016PLC094934.

Registered office: 8, Samet Business Park, Nr. Khokra Circle, Khokra, Ahmedabad-380008, Gujarat, India.
Tel No.: +91 79849 71501; • **E-Mail:** bizoticcommercialindia@gmail.com • **Website:** www.urbanunited.in
Contact Person: Shivani Vyas, Company Secretary and Compliance Officer;

OUR PROMOTERS: SANJAY GUPTA AND SANGITA AGGARWALA

BASIS OF ALLOTMENT

INITIAL PUBLIC ISSUE OF 24,12,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH OF BIZOTIC COMMERCIAL LIMITED ("BCL" OR THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 175/- PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 165/- PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE") AGGREGATING TO ₹ 4221.00 LACS ("THE ISSUE"), OF WHICH 1,20,800 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 175/- PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 165/- PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ 211.40 LACS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION i.e. NET ISSUE OF 22,91,200 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH AT A PRICE OF ₹ 175/- PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ 4009.60 LACS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 30.00% and 28.50% RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. FOR FURTHER DETAILS, PLEASE REFER TO SECTION TITLED "TERMS OF THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE NO. 172 OF THE PROSPECTUS.

The Face Value of The Equity Shares is ₹ 10/- Each and The Issue Price is ₹ 175/- Each.
The Issue Price is 17.5 Times of The Face Value

ISSUE OPENED ON: JUNE 12, 2023 (MONDAY) • ISSUE CLOSED ON: JUNE 15, 2023 (THURSDAY)

PROPOSED LISTING

The Equity Shares of the Company offered through the Prospectus dated May 31, 2023 are proposed to be listed on the SME Platform of BSE Limited **("BSE SME")** in terms of Chapter IX of SEBI (ICDR) Regulations, 2018. The trading is proposed to be commenced on or before June 23, 2023*.

Subject to receipt of listing and trading approval from BSE Limited.

Our Company has received an In-Principle Approval dated April 10, 2023 from BSE Limited for using its name in the offer document for listing of our shares on SME Platform of BSE Limited. It is to be distinctly understood that the permission given by BSE Limited should not in any way be deemed or construed that the content of the Prospectus or the price at which equity shares are offered has been cleared, solicited or approved by BSE, nor does it certifies the correctness, accuracy or completeness of any of the content of the Prospectus. For the purpose of the Issue BSE Limited will be the Designated Stock Exchange.

The Issue is being made through the Fixed Price Issue process, the allocation in the Net Issue to the Public category is made as per Regulation 253(2) of the SEBI (ICDR) Regulations,2018 as amended from time to time, wherein (a) minimum 50% of the net issue of shares shall be allocated to retail individual investors and (b) remaining to: (i) individual applicants other than retail individual investors; and (ii) other investors including corporate bodies or institutions, irrespective of number of specified securities applied for; Provided that the unsubscribed portion in either of categories specified in clauses (a) or (b) may be allocated to applicants in the other category.

All investors have participated in this offer through Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process including through Unified Payment Interface ("UPI") mode (as applicable) by providing the details of the respective bank accounts / UPI ID as applicable in which the corresponding application amounts were blocked by Self Certified Syndicate Banks (the "SCSBs").

SUBSCRIPTION DETAILS

DETAILS OF THE APPLICATION:

The Issue has received 4,002 applications (before rejections and bids not banked) for 55,95,200 Equity Shares (Including Market Maker Application of 1,20,800 Equity Shares) resulting 2.32 times subscription. The details of the applications received in the Issue (before technical rejections but after bids not banked) are as follows:

DETAILS OF VALID APPLICATIONS RECEIVED (BEFORE TECHNICAL REJECTION AND AFTER BIDS NOT BANKED)

CATEGORY	NUMBER OF APPLICATIONS	NUMBER OF EQUITY SHARE	SUBSCRIPTION*
Market Maker	1	120800	1.00
Other than Retail Individual Investor's	62	2292000	2.00
Retail Individual Investor's	2491	1992800	1.74
TOTAL	**2554**	**4405600**	**4.74**

**Subscription time have been computed on the basis of the issue size as per the Prospectus.*

DETAILS OF BIDS NOT BANKED ARE AS FOLLOWS:

CATEGORY	NUMBER OF APPLICATIONS	NUMBER OF EQUITY SHARE
Other than Retail Individual Investor's	26	50400
Retail Individual Investor's	1454	1164800
TOTAL	**1480**	**1215200**

DETAILS OF APPLICATIONS REJECTED BY THE REGISTRAR ON TECHNICAL GROUNDS ARE AS FOLLOWS:

CATEGORY	NUMBER OF APPLICATIONS	NUMBER OF EQUITY SHARE
Market Maker	–	–
Other than Retail Individual Investor's	2	164800
Retail Individual Investor's	68	54400
TOTAL	**70**	**219200**

DETAILS OF VALID APPLICATIONS RECEIVED (AFTER TECHNICAL REJECTION):

CATEGORY	NUMBER OF APPLICATIONS	NUMBER OF EQUITY SHARES	SUBSCRIPTION
Market Maker	1	120800	1.00
Other than Retail Individual Investor's	60	2127200	1.86
Retail Individual Investor's	2423	1938400	1.69
TOTAL	**1145**	**4186400**	**4.55**

ALLOCATION: The Basis of Allotment was finalized in consultation with the Designated Stock Exchange BSE Limited on June 20, 2023

A. **Allocation to Market Maker (After Technical Rejections):** The Basis of Allotment to the Market Maker, at the issue price of ₹ 175.00/- per Equity Share, was finalised in consultation with BSE SME. The category was subscribed by 1.00 time. The total number of shares allotted in this category is 1,20,800 Equity shares in full out of reserved portion of 1,20,800 Equity Shares.

B. **Allocation to Retail Individual Investors (After Technical Rejections):** The Basis of Allotment to the Retail Individual Investors, at the issue price of ₹ 175.00/- per Equity Share, was finalized in consultation with BSE SME. The category was subscribed by 1.69 times. Total number of shares allotted in this category is 11,45,600 Equity shares.

No. of Shares Applied for (Category wise)	No. of Applications Received	% to total	Total No. of Equity Shares applied in Retail Individual Investors category	% of total	Proportionate Shares Available	Allocation per Applicant (Before Rounding Off)	Allocation per Applicant (After Rounding Off)	Ratio of Allottees to the Applicants		Total No. of Equity Shares allotted	Surplus/ (Deficit)
800	2423	100%	1938400	100%	1145600	472.8	800	289	489	1145600	0
Total	**2423**	**100%**	**1938400**	**100%**	**1145600**			**-**	**-**	**1145600**	**0**

C. **Allocation to Non- Retail Individual Investors (After Technical Rejections):** The Basis of Allotment to the Non-Retail Individual Investors, at the issue price of ₹ 175.00/- per Equity Share, was finalized in consultation with BSE SME. The category was subscribed by 1.86 times. Total number of shares allotted in this category is 11,45,600 Shares.

No. of Shares applied for (Category wise)	Number of applications received	% to total	Total No. of Shares applied in each category	% to total	Proportionate shares available	Allocation per Applicant		Ration of allottees to applicants		Total No. of shares allocated/ alloted	Surplus/ Deficit
						Before Rounding off	After Rounding off				
1600	21	35.00	33600	1.58	18095	861.67	800	1	1	16800	-1295
		0.00		0.00		0.00	800	2	21	1600	1600
2400	3	5.00	7200	0.34	3877	1292.67	800	1	1	2400	-1477
		0.00		0.00		0.00	800	2	3	1600	1600
3200	3	5.00	9600	0.45	5170	1723.33	1600	1	1	4800	-370
4000	3	5.00	12000	0.56	6463	2154.33	1600	1	1	4800	-1663
		0.00		0.00		0.00	800	2	3	1600	1600
4800	1	1.67	4800	0.23	2585	2585.00	2400	1	1	2400	-185
5600	1	1.67	5600	0.26	3016	3016.00	3200	1	1	3200	184
6400	4	6.67	25600	1.20	13787	3446.75	3200	1	1	12800	-987
		0.00		0.00		0.00	800	2	3	800	800
7200	1	1.67	7200	0.34	3877	3878.00	4000	1	1	4000	123
8000	2	3.33	16000	0.75	8617	4308.50	4000	1	1	8000	-617
		0.00		0.00		0.00	800	2	3	800	800
10400	1	1.67	10400	0.49	5601	56010.00	5600	1	1	5600	-1
16000	1	1.67	16000	0.75	8617	8617.00	8800	1	1	8800	183
24000	2	3.33	48000	2.26	25850	12925.00	12800	1	1	25600	-250
32000	1	1.67	32000	1.50	17234	17234.00	17600	1	1	17600	366
43200	3	5.00	129600	6.09	69796	23265.33	23200	1	1	69600	-196
56800	10	16.67	568000	26.70	305895	30589.50	30400	1	1	304000	-1895
		0.00		0.00		0.00	800	2	3	1600	1600
172000	1	1.67	172000	8.09	92630	92630.00	92800	1	1	92800	170
457600	1	1.67	457600	21.51	246440	246440.00	246400	1	1	246400	-40
572000	1	1.67	572000	26.89	308050	308050.00	308000	1	1	308000	-50
Grand Total	**60**	**100.00**	**2127200**	**100.00**	**1145600**					**1145600**	**0**

The Board of Directors of the Company at its meeting held on June 20, 2023 has taken on record the Basis of Allotment of Equity Shares, as approved by the Designated Stock Exchange viz. BSE SME and has authorized the online corporate action for the allotment of the Equity Shares in dematerialised form to various successful applicants.

The CAN-cum-Refund Orders and allotment advice and/or notices are being dispatched to the address of the applicants as registered with the depositories / as filled in the application form on or before June 22, 2023. Further, the instructions to Self-Certified Syndicate Banks being processed on or prior to June 22, 2023 for unblocking fund. In case the same is not received within Four (4) working days, investors may contact at the address given below. The Equity Shares allocated to successful applicants are being credited to their beneficiary accounts subject to validation of the account details with the depositories concerned. The Company is taking steps to get the Equity Shares admitted for trading on the BSE SME within Six (6) working days from the date of the closure of the Issue. The trading is proposed to be commenced on or before June 23, 2023 subject to receipt of listing and trading approvals from the BSE Limited.

Note: All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus.

INVESTORS, PLEASE NOTE

The details of the allotment made would also be hosted on the website of the Registrar to the Issue, **Bigshare Services Private Limited** at www.bigshareonline.com. All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Issue quoting full name of the first/ sole applicants, serial number of the application form, number of shares applied for and Bank Branch where the application had been lodged and payment details at the address of the Registrar given below:

REGISTRAR TO THE ISSUE

BIGSHARE SERVICES PRIVATE LIMITED
Office No. S6-2, 6th Floor, Pinnacle Business Park, Nextto Ahura Centre, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai – 400093, Maharashtra, India
Tel. No: 022 62638200 | **Fax No:** 022 62638299 | **E-mail Id:** ipo@bigshareonline.com | **Website:** www.bigshareonline.com
Investor Grievance Email : investor@bigshareonline.com | **Contact Person:** Mr. Sagar Pathare | **SEBI Registration No:** INR000001385

Bizotic Commercial Limited
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Sanjay Gupta
Managing Director
DIN: 07610448

Place: Ahmedabad
Date: June 21, 2023

garima advt.

THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF BIZOTIC COMMERCIAL LIMITED.

Bizotic Commercial Limited has filed the Prospectus dated May 31, 2023 with Registrar of Companies Ahmedabad, Gujarat. The Prospectus shall be available on the website of the SEBI at HYPERLINK "http://www.sebi.gov.in"www.sebi.gov.in, the website of the BRLM to the Issue at HYPERLINK "http://www.ifinservices.in"www.ifinservices.in websites of NSE at HYPERLINK "http://www.nseindia.com"www.nseindia.com. Investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, see section titled "*Risk Factors*" beginning on page 18 of the Prospectus.

The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "Securities Act") or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and any applicable U.S. state securities laws. There will be no public offering in the United States and the securities being offered in this announcement are not being offered or sold in the United States.